प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/1772 दिनांकः 15 मई, 2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने हेतु तिथि पुनः विस्तारित किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2025/1702 दिनांक 26 अप्रैल, 2025 एवं पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2025/1737 दिनांक 05 मई, 2025, पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2025/1757 दिनांक 08 मई, 2025 तथा पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2025/1762 दिनांक 14 मई, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के अध्ययनरत रेगुलर तथा कैरी ओवर छात्र/छात्राओं के प्रथम चरण की परीक्षाओं हेतु दिनांक 14 मई, 2025 तक परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की सूचना दी गयी थी।

उक्त परीक्षाओं के परीक्षा फार्म भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की निर्धारित अन्तिम तिथि को संस्थानों द्वारा छात्रहित में किये गये अनुरोध को विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा स्वीकार करते हुए सत्र 2024-25 के प्रथम चरण की परीक्षाओं हेतु **अन्तिम वर्ष के अन्तिम सेमेस्टर** के अध्ययनरत छात्रों हेतु **दिनांक 15 मई, 2025 तक तिथि पुनः विस्तारित** कर दी गई है।

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि सत्र 2024-25 के प्रथम चरण की परीक्षाओं के विभिन्न पाठ्यक्रमों के **तृतीय वर्ष एवं अन्य वर्ष (Pre Final Year etc.)** के छात्रों का परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से जमा किये जाने हेतु दिनांक **20 मई, 2025 तक** तिथि पुनः विस्तारित कर दी गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त से तदनुसार अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने तथा परीक्षा शुल्क जमा कराने का कष्ट करें।

भवदीय

Deepak Nagaria
15/5/2025

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक